माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in Email – registrar@msuniversity.ac.in

पत्रांक 605 / प्रवेश / एम0एस0यू0 / 2026–27 दिनांकः 03 / 11 / 2026

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सेल्फ फाइनेंस डिग्री कॉलेजेस वेलफेयर एसोसिएशन, उ0प्र0 (रजि0) द्वारा छात्र हित को ध्यान में रखते हुए **केवल रिक्त सीटों के सापेक्ष** स्नातक एवं परास्तानक स्तर के परम्परागत एवं व्यसायिक स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु पंजीकरण पोर्टल खोलने का अनुरोध किया गया है। जिसके अनुक्रम मे विश्वविद्यालय प्रवेश समिति के निर्देशानुसार माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थानों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर के समस्त पाठ्यक्रमों **(BPES, B.Sc(PHES), B.P.Ed M.Ed, LLM, M.P.Ed, Master of Law के अतिरिक्त)** में सत्र 2026–27 के प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत दिनांकः– 05.11.2026 से 10.11.2026 तक केवल रिक्त सीटों के सापेक्ष नवीन पंजीकरण करने का अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। इसके उपरांत किसी भी प्रकार का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

अतः उक्त के अनुपालन मे निम्नलिखित समय सारणी के अनुसार पंजीकरण एवं प्रवेश की कार्यवाही कि जाएगी।

क्र0सं0	विवरण	दिनांक / तिथि
01.	नवीन पंजीकरण की तिथि	05.11.2026 से 10.11.2026
02.	विश्वविद्यालय द्वारा ऑफर लेटर जारी करने की तिथि	13.11.2026, पूर्वान्ह् 10:00 बजे से
03.	महाविद्यालयों द्वारा प्रवेश सम्पुष्ट कराने की तिथि	13.11.2026 से 16.11.2026

उक्त के क्रम में यह भी अवगत कराना है कि प्रवेश प्रक्रिया First Come First Served के सिद्धांत के आधार पर संचालित की जाएगी। साथ ही, जिन विद्यार्थियों का प्रवेश विधिवत रूप से सम्पुष्ट हो चुका है तथा जिन्हें Enrollment Number आवंटित किए जा चुके हैं, उनका प्रवेश न तो निरस्त किया जाएगा और न ही उनके पाठ्यक्रम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाएगा, साथ ही नवीन एवं पूर्व पंजीकृत अभ्यर्थियों के पाठ्यक्रमों में भी किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा।

नोटः– महाविद्यालय जिन छात्रों के प्रवेश लेगे उनकी अतिरिक्त कक्षाऐं संचालित कराकर पाठ्यक्रम पूर्ण करने की जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी।

(प्रो0 संजय कुमार)
प्रवेश समन्वयक्

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव।
03. वित्त अधिकारी।
04. उपकुलसचिव (प्रवेश)।
05. सहा0 समन्वयक् प्रवेश को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों / संस्थान को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित कराने हेतु।
08. विश्वविद्यालय प्रोग्रामर समर्थ पोर्टल (प्रवेश सैल)
09. विश्वविद्यालय वेबसाईट मेन्टेनर को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने हेतु।
10. गार्ड फाईल।

(प्रो0 संजय कुमार)
प्रवेश समन्वयक्